दिनांक : 12.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कल प्रस्तावित जयपुर दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के एक साल पूरा होने के उपलक्ष में आयोजित समारोह में भाग लेने आ रहे श्री शाह सीतापुरा स्थित जेईसीसी में लगाई जा रही प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगें ये प्रदर्शनी 18 अक्टूबर तक चलेगीं इसमें नए आपराधिक कानूनों के एक साल के सकारात्मक बदलाव को दर्शाया जाएगां

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगें इस संबंध में मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान 4 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग तथा 8 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया जाएगां उन्होंने बताया कि समारोह में 'विकसित राजस्थान–2047' कार्ययोजना का विमोचन और 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत रजिस्ट्रेशन का शुभारंभ किया जाएगां

..............................................................

जयपुर स्थित सप्तशक्ति कमांड की ओर से आज ऑनर रन आयोजित की गईं सेना के शौर्य और बलिदान की परम्परा थीम पर हुई दौड़ में जवानों और पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लियां कमांड परिसर स्थित स्टेडियम से शुरू हुई ये दौड़ क्वीन्स रोड और जयपुर मिलिट्री स्टेशन होते हुए स्टेडियम पर समाप्त हुईं दौड़ को चीफ ऑफ़ स्टाफ, लेफ्टिनेंट जनरल एच एस वांद्रा ने रवाना कियां इस मौके पर सम्मान समारोह भी रखा गयां

प्रोमो रन का उद्देश्य भारतीय सेना के वीर सैनिकों और पूर्व सैनिकों के साहस और बलिदान को सम्मानित करना, तथा नागरिकों में फिटनेस, स्वास्थ्य और राष्ट्रभक्ति की भावना को बढ़ावा देना थां

..............................................................

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आज भी प्रदेश के कई शहरों में पथ संचलन हुआं पाली के फालना, गिरादड़ा, चाणोद सहित कई कस्बों में गणवेश पहने स्वयं सेवकों ने पथ संचलन निकालां कोटपूतली–बहरोड़ में आरएसएस की महिला विंग दुर्गा वाहिनी और राष्ट्रीय सेविका समिति की ओर से निकाले गये पथ संचलन में बड़ी संख्या में सेविकाओं ने भाग लियां इस मौके अखंड भारत की रंगोली सजाई गईं

..............................................................

हनुमानगढ़ टाउन में पुलिस ने डोडा पोस्त तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 31 क्विंटल मादक पदार्थ जब्त किया हैं एक ट्रक से पकड़ी गई डोडा–पोस्त की ये खेप पंजाब ले जाई जा रही थीं पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया हैं बरामद डोडा–पोस्त की कीमत साढे छह करोड़ रुपये आंकी गई हैं

उधर, भरतपुर में कृषि विभाग ने नकली खाद के खिलाफ चलाये अभियान के तहत कार्रवाई कर एक दुकान से सौ कट्टे डीएपी जब्त कीं कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक सुरेश गुप्ता ने बताया कि ये खाद फसलों के लिए हानिकारक थीं

..............................................................

अजमेर हाईवे पर दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए पुलिस विभाग की ओर से कल से लेन ड्राइविंग अभियान चलाया जाएगां अजमेर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से चलाये जाने वाले अभियान के तहत भारी मोटर वाहन चालकों को लेन ड्राइविंग सिस्टम की जानकारी दी जाएगीं सहायक पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि पांच दिनों तक जागरुता अभियान के बाद यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को सीज़ किया जाएगां

..............................................................

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए जयपुर के पांच सरकारी स्कूलों में खगोल विज्ञान प्रयोगशालाएं बनाई गई हैं जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने जिले के गोविंदगढ़ ब्लॉक में दो प्रयोगशालाओं का कल उद्घाटन कियां कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत बनाई गईं इन प्रयोगशालाओं के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के करियर विकास में सहायता मिलेगीं प्रयोगशाला में 69 आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जिनमें अंतरिक्ष, सौर ऊर्जा, नाभीकिय तथा गुरुत्वाकर्षण और जीव विज्ञान से संबंधित किट शामिल हैं

............................................................

प्रदेशभर में गुलाबी सर्दी का अहसास बढ़ने लगा हैं उत्तरी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही हैं मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में कई शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआं

राजधानी जयपुर, हनुमानगढ़, अलवर और शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में रात के समय ठंडी हवाएं चलने से सर्दी महसूस होने लगी हैं सबसे ठंडी रात उदयपुर में दर्ज की गई, जहां न्यूनतम तापमान 16 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रहां नागौर, सीकर, पिलानी और प्रतापगढ़ में भी पारा 17 डिग्री के आसपास पहुंच गयां

............................................................